धीरे-धीरे चलो भोले बाजे है पायलिया

धीरे-धीरे चलो भोले बाजे है पायलिया,
पैरों में पड़ गए छाले ओ मेरे भोले बाबा॥

माथे पे भोले के चंदा बिराजे,
गंगा कहां पै छुपाई हो मेरे भोले बाबा...-2
धीरे-धीरे चलो भोले बाजे है पायलिया,
पैरों में पड़ गए छाले ओ मेरे भोले बाबा॥

गले भोले के सर्पों की माला,
डमरू बजाते आए हैं मेरे भोले बाबा....-2
धीरे-धीरे चलो भोले बाजे है पायलिया,
पैरों में पड़ गए छाले ओ मेरे भोले बाबा॥

तनु भोले के बाघमबर सोहे,
अंग भभूति रमाए हो मेरे भोले बाबा....-2
धीरे-धीरे चलो भोले बाजे है पायलिया,
पैरों में पड़ गए छाले ओ मेरे भोले बाबा॥

पैरों में भोले के घुंघरू बिराजे,
छम छम छम छम नाचे हो मेरे भोले बाबा....-2
धीरे-धीरे चलो भोले बाजे है पायलिया,
पैरों में पड़ गए छाले ओ मेरे भोले बाबा॥

संग भोले के गौरा बिराजे,
नंदी की करे सवारी हो मेरे भोले बाबा....-2
धीरे-धीरे चलो भोले बाजे है पायलिया,
पैरों में पड़ गए छाले ओ मेरे भोले बाबा॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25926/title/dheere-dheere-chalo-bhole-baaje-hai-payaliya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |